हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2021

सार्वजनिक सूचना

सभी सम्बन्धित को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि बोर्ड कार्यालय द्वारा दिनांक 18.12.2021 व 19.12.2021 को आयोजित करवाई गई हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा(एचटेट) लेवल–1(PRT), लेवल–2(TGT) व लेवल–3(PGT) से सम्बन्धित सभी विषयों की ड्राफ्ट उत्तरकुंजी दिनांक 19.12.2021 सांय से बोर्ड की वेबसाइट www.bseh.org.in पर उपलब्ध है। यदि किसी अभ्यर्थी को प्रश्न–पत्र बुकलेट में दिए गए किसी भी प्रश्न या उत्तरकुंजी में दिए गए किसी भी प्रश्न के उत्तर(विकल्प) के बारे में कोई आपत्ति हो तो इस सम्बन्ध में पूर्ण तथ्यों/प्रमाणों सहित दिनांक 20.12.2021 से 24.12.2021 सांय 5.00 बजे तक निर्धारित शुल्क 1000/– रूपये प्रति प्रश्न अनुसार जमा करवाते हुए अपनी आपत्ति ऑनलाइन बोर्ड की वेबसाइट पर दर्ज करवा सकते हैं। यदि किसी प्रश्न के सम्बन्ध में दर्ज करवाई गई आपत्ति सही पाई जाती है तो ऐसी स्थिति में उस प्रश्न के लिए जमा शुल्क अभ्यर्थी को परीक्षा परिणाम घोषित होने उपरान्त वापिस (Refund) कर दिया जाएगा। प्रश्न–पत्र व उत्तरकुंजी के सम्बन्ध में दिनांक 24.12.2021 सायं 05:00 बजे के पश्चात् प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा तथा बिना किसी नोटिस के आपत्ति अस्वीकृत कर दी जाएगी।

सचिव